**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

**PUNJAB KESARI**

# प्लेसमेंट ड्राइव में 25 छात्रों को नौकरी



*चयनित विद्यार्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान करते कुलपति*

फरीदाबाद, 14 दिसम्बर (पूजा शर्मा): विद्यार्थियों के लिए शत-प्रतिशत रोजगार का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा अपने पूर्व छात्र संघ के साथ मिलकर आज एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग और एलुमनाई एवं कारपोरेट सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मेगा इवेंट में 41 कंपनियों, जिसमें स्थानीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां शामिल थी, कंपनियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव सुबह 9 बजे शुरू हुई और शाम 5 बजे तक जारी रही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह और पूर्व छात्र संघ 'मॉब' के वरिष्ठ अधिकारियों में महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जे.पी. अरोड़ा संयुक्त सचिव मनीष प्रधान और एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।अकादमिक योग्यता और तकनीकी साक्षात्कार के आधार पर 25 विद्यार्थियों को 4 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये सालाना के पैकेज के मौके पर ही जॉब लेटर प्रदान किये गये। एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स ने सर्वाधिक 16 विद्यार्थियों का चयन किया और सर्वाधिक 10 लाख रुपये सालाना पैकेज की पेशकश की। इसी तरह, बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने पांच विद्यार्थियों तथा एवी आटोमेशन एवं एडवांस्ड सिलिंस प्राइवेट लिमिटेड में दो-दो विद्यार्थियों का चयन हुआ। दिन भर चली प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान, लगभग 100 विद्यार्थियों ने चयन प्रक्रिया के अंतर्गत इंटरव्यू राउंड में हिस्सा लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के पैनेल द्वारा विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया, जिसमें विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी शामिल थे। देर शाम तक चली इस प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 50 और विद्यार्थियों के चयन की उम्मीद है। प्लेसमेंट इवेंट का समन्वयन पूर्व छात्र संघ की ओर से मोहित वोहरा और राकेश भाटिया द्वारा किया गया।

निदेशक, एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संचालित पूर्व छात्रों की कंपनियों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार में प्राथमिकता देने की अपील की गई थी, जिसका बेहतरीन रूझान देखने को मिला। कुल 41 कंपनियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया तथा विद्यार्थियों को नौकरी की पेशकश की। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव केवल कैंपस के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें इंजीनियरिंग, कंप्यूटर और प्रबंधन की सभी शाखाओं के विद्यार्थी जो 2017 और 2019 बैचों के बीच उत्तीर्ण हुए थे।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Sun, 15 December 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/46934177

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

## HINDUSTAN

वाईएमसीए में पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों के साथ मिलकर एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया

# उत्साहः नौकरी पाने के बाद युवाओं के चेहरे खिले

**अवसर**

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में शनिवार को पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों के साथ मिलकर एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग और एलुमनाई एवं कारपोरेट सेल के सामूहिक प्रयासों से हुए इस प्लेसमेंट सेल में दिल्ली-एनसीआर से करीब 41 कंपनियों ने हिस्सा लेकर आवेदकों को परखा। इस दौरान कई युवाओं को नौकरी के सपने साकार हुए।

छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने के लिए प्लेसमेंट ड्राइव सुबह 9 बजे शुरू हुई और शाम 5 बजे तक जारी रही। इस दौरान कंपनियों ने छात्रों को साक्षात्कार व चर्चा आदि के आधार पर परखा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह और पूर्व छात्र संघ मॉब के महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जेपी अरोड़ा, मनीष प्रधान आदि मौजूद रहे।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चयनित विद्यार्थियों को कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने जॉब आफर लेटर वितरित किए। इस दौरान नौकरी पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। • हिन्दुस्तान

**सौ से ज्यादा छात्रों ने लिया हिस्सा** : दिन भर चली प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान सौ से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया में छात्रों की अकादमिक जानकारी के साथ इंटरव्यू राउंड भी आयोजित किया गया। इसमें कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को परखा। प्लेसमेंट इवेंट का समन्वयन पूर्व छात्र संघ की ओर से मोहित वोहरा और राकेश भाटिया ने किया। उन्होंने बताया कि कई छात्रों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं वहीं कई का चयन अगले राउंड के लिए किया गया है।

### प्लेसमेंट एक नजर में

| | |
|---|---|
| 01 दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया | 41 कंपनियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में लिया हिस्सा |
| 09 से शाम 5 बजे तक बच्चों के साक्षात्कार चले | 10 लाख तक अधिकतम पैकेज छात्रों को मिला |
| 25 छात्रों को मौके पर नियुक्ति पत्र दिए गए | 100 से ज्यादा छात्रों ने इस कार्यक्र में लिया हिस्सा |

### छात्रों तुरंत ही नियुक्ति पत्र सौंपे गए

ड्राइव में अकादमिक योग्यता और तकनीकी साक्षात्कार के आधार पर 25 छात्रों को तुरंत ही नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। चयनित छात्रों को चार लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक का सालाना पैकेज दिया गया है। इसमें एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स ने सबसे ज्यादा 16 छात्रों का चयन किया और सबसे ज्यादा 10 लाख रुपये सालाना पैकेज की पेशकश की। इसके अलावा बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, एवी आटोमेशन और एडवांस्ड सिलिंस प्राइवेट लिमिटेड ने भी छात्रों का चयन किया।

### 2017 से 2019 के बैच को फायदा मिला

एलुमनाई एवं कॉर्पोरेट अफेयर के निदेशक डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में कई पूर्व छात्रों की कंपनियां भी शामिल हुई हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर और प्रबंधन की सभी शाखाओं से वर्ष 2017 से 2019 में पास हुए छात्रों हिस्सा लिया था। मॉब के फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जेपी अरोड़ा ने प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लेने वाली कंपनियों का आभार जताया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने शुभकामनाएं दी।



मैंने इसी साल कोर्स पूरा किया है। प्लेसमेंट ड्राइव में अच्छी नौकरी पाने के लिए शामिल हुआ था। खुशी है कि मेरा चयन हुआ है। मुझे पूरी उम्मीद थी सफलता मिलेगी।

**वरुण गौतम**, बीटेक



इसी साल मेरा कोर्स पूरा हुआ है। कंपनी की ओर से बतौर असिस्टेंट मैनेजर चयन किया गया है। सबसे ज्यादा 10 लाख रुपये का पैकेज पाकर बेहद खुश हूं।

**संस्कृति गुप्ता**, एमटेक



मैने वर्ष 2017 में कोर्स पूरा किया था। अच्छी नौकरी की तलाश में प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया। नियुक्ति पत्र मिल चुका है। बतौर सीनियर इंजीनियर मेरा चयन हुआ है।

**गरिमा सिंगला**, एमटेक



इसी साल कोर्स पूरा किया है। बतौर इंजीनियर नियुक्ति पत्र मिला है। इस तरह के प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के लिए फायदेमंद साबित होते हैं।

**सचिन गुप्ता**, बीटेक मैकेनिकल

**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

## THE TRIBUNE

# 43 YMCA students land jobs

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, in association with the Faridabad chapter of the MOB — the alumni association of the university — held a placement drive for students, who had passed out between 2017 and 2019. In all, 43 applicants were given offer letters on Saturday. The target is to give jobs to 70 students. The drive was conducted by the university's training and placement department, and the alumni and corporate affairs cell. As many as 41 companies based out of the NCR, including multinational companies, participated in the placement drive. The companies are mainly owned or managed by the university's alumni. University Vice-Chancellor Dinesh Kumar said more students were likely to be selected as the recruitment process was in progress.

The Tribune Mon, 16 December 2019
https://epaper.tribuneind:

**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# प्लेसमेंट ड्राइव में 25 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में शनिवार को रोजगार का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें 41 कंपनियों ने भागीदारी की। योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर 25 विद्यार्थियों को 4 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये सालाना पैकेज पर नौकरी मिली। एमवी इलेक्ट्रॉ सिस्टम्स ने सर्वाधिक 16 विद्यार्थियों का चयन किया और सर्वाधिक 10 लाख रुपये सालाना पैकेज की पेशकश की। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह और पूर्व छात्र संघ 'मॉब' के वरिष्ठ अधिकारियों में महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जे.पी. अरोड़ा, संयुक्त सचिव मनीष, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह समेत अनेक लोग मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

## DAINIK JAGRAN

### प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को मिला रोजगार

**जासं, फरीदाबाद** : जेसी बोस विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। संचालन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग और एलुमनाई एवं कारपोरेट सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें 41 स्थानीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह और पूर्व छात्र संघ मॉब के महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जेपी अरोड़ा, संयुक्त सचिव मनीष प्रधान कई सदस्य उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

## DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट ड्राइव में 25 स्टूडेंट को मिला 4 से 10 लाख रुपए तक का पैकेज

## मौके पर ही दिए गए जाब लेटर, 100 स्टूडेंट ने लिया भाग, छात्रों में रहा उत्साह

**भास्कर न्यूज | फरीदाबाद**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने शनिवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें 41 स्थानीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर 25 स्टूडेंट को 4 से 10 लाख रुपए तक के सालाना पैकेज के लेटर दिए गए। एमवी इलेक्ट्रो सिस्टम्स ने सबसे अधिक 16 स्टूडेंट का चयन कर सर्वाधिक 10 लाख रुपए तक का सालाना पैकेज दिया। इसी तरह बेल्ज इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने पांच स्टूडेंट तथा एवी आटोमेशन एवं एडवांस्ड सिलिंग प्राइवेट लिमिटेड ने दो-दो स्टूडेंट का चयन किया।

दिनभर चले प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 100 स्टूडेंट ने चयन प्रक्रिया के तहत इंटरव्यू दिया। कंपनी के अधिकारियों के पैनल ने स्टूडेंट्स का इंटरव्यू लिया। देर शाम तक चली इस प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 50 और स्टूडेंट्स के चयन की उम्मीद है।



स्टूडेंट को जाब आफर लेटर प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य अधिकारी।

प्लेसमेंट इवेंट का समन्वयन पूर्व छात्र संघ की ओर से मोहित वोहरा और राकेश भाटिया ने किया। प्लेसमेंट ड्राइव सुबह 9 से शुरू हुई और शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन डॉ. विक्रम सिंह, पूर्व छात्र संघ 'माब' के वरिष्ठ अधिकारियों में महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जेपी अरोड़ा, संयुक्त सचिव मनीष प्रधान व एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद थे। डॉ. संजीव गोयल के अनुसार इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एनसीआर में संचालित पूर्व छात्रों की कंपनियों से यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को रोजगार में प्राथमिकता देने की अपील की गई थी। जिसका बेहतरीन रिस्पांस मिला। कुल 41 कंपनियों ने प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेकर स्टूडेंट्स को नौकरी की पेशकश की। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंदर सिंह के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव केवल कैंपस के स्टूडेंट्स के लिए थी। इसमें इंजीनियरिंग, कंप्यूटर और प्रबंधन की सभी शाखाओं के स्टूडेंट जो 2017 और 2019 बैचों के बीच उत्तीर्ण हुए थे।

**NEWS CLIPPING: 15.12.2019**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि में 25 विद्यार्थियों को मिली नौकरी



चयनित छात्रा को ऑफर लेटर प्रदान करते कुलपति।

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को रोजगार दिलवाने के उद्देश्य से जेसी बोस विश्वविद्यालय में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 41 कंपनियों ने शिरकत कर सौ से ज्यादा बच्चों का साक्षात्कार लिया, जिसमें से 25 को मौके पर ही जॉब लेटर के साथ करीब 10 लाख रुपये सालाना के पैकेज मिले।

प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत शनिवार सुबह 9 बजे से हुई। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह और पूर्व छात्र संघ 'मॉब' के वरिष्ठ अधिकारियों में महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, फरीदाबाद चैप्टर के अध्यक्ष जेपी अरोड़ा, संयुक्त सचिव मनीष प्रधान और एसोसिएशन के अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

अकादमिक योग्यता और तकनीकी साक्षात्कार के आधार पर 25 विद्यार्थियों को चार से 10 लाख रुपये सालाना के पैकेज के मौके पर ही जॉब लेटर दिए गए।